प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दिनांक– 25/08/2024 समयः 7.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने 11 लाख नई लखपति दीदीयों को दिए प्रमाण पत्र। गुना जिले की लखपति दीदी का भी किया सम्मान।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश के झाबुआ में कचरे से कलाकृति बनाने पर प्रधानमंत्री ने की सराहना।
- हर नगरीय निकाय में गीता भवन और ब्लाक में बरसाना गांव होंगे विकसित, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- प्रदेश में जारी रहेगा भारी वर्षा का दौर। अत्यधिक बारिश से कई जिलों में जनजीवन हुआ प्रभावित।

पीएम–लखपति दीदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के जलगांव में एक समारोह में 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण–पत्र वितरित कर सम्मानित किया और उनसे संवाद किया। स्वयं सहायता समूहों को संचालित करने वाली यह महिलाए प्रतिवर्ष एक लाख रूपये से अधिक की कमाई कर रही हैं और देश में इनकी संख्या एक करोड से अधिक है। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में हाल में 11 लाख नई लखपति दीदियां लखपति बनी हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने सामुदायिक निवेश कोष के लिए ढाई हजार करोड रूपये भी जारी किए। इससे चार लाख तीस हजार के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने पांच हजार करोड रूपये का बैंक ऋण भी जारी किया जिससे दो लाख 35 हजार चार सौ स्वयं सहायता समूहों के 25 लाख 80 हजार सदस्यों को लाभ मिलेगा। इस "लखपति दीदी सम्मेलन" में प्रदेश के गुना जिले की श्रीमती गंगा अहिरवार को उमा स्व–सहायता समूह द्वारा ग्राम मुहल्पुर में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया है।

साउंड क्लिप– गुना दीदी

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि, "लखपति दीदी बनाने का ये अभियान, सिर्फ बहनों–बेटियों की कमाई बढ़ाने का ही अभियान नहीं है।

प्रधानमंत्री

कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में उपस्थित थे। अशोकनगर के समस्त 24 संकुल स्तरीय संगठनों में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही जिले में कुल 2550 लखपति दीदीयो को प्रमाण पत्र एवं 61 स्व सहायता समूहो को 182 लाख रुपए का बैंक ऋण सीसीएल वितरण किया गया। शिवपुरी में लखपति सीआरपी एवं लखपति दीदी सम्मान समारोह हुआ। इस दौरान लखेश्वरी मईया रायश्री एवं शीतला मैया संकुलो से आई समूहों की दीदियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें इस विषय पर देशभर के युवाओं से बहुत सारे पत्र मिले हैं। हर घर तिरंगा अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के रियासी में

सात सौ 50 मीटर लंबे ध्वज के साथ चिनाब रेलवे पुल से तिरंगा रैली निकाली गई थी। यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है।

पीएम–मन की बात–झाबुआ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कार्यक्रम "मन की बात" में झाबुआ जिले के सफाई कर्मियों की दिल खोल कर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि झाबुआ जिले के सफाई कर्मी भाई–बइनों ने 'वेस्ट टू वेल्थ' के संदेश को सच्चाई में बदलकर दिखाया है। सफाई कामगारों ने सही तरीके से 3&R के मंत्र 'रिड्यूस–रियूज–रिसाइकिल' को अपनाया है। उनकी टीम ने शहर में फेंके गये वेस्ट मटेरियल से विभिन्न कलाकृतियाँ बनाई हैं। प्लास्टिक बॉटलों, पुराने टायरों, पुराने पाइप आदि वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके हेलिकॉप्टर, तोपें, कार, झाबुआ नगर पालिका का लोगो, गमलें, आरामदायक बेंच व सोफे आदि कलाकृतियां बनाई हैं। नगर पालिका झाबुआ के डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में सफाई कामगारों द्वारा ही अपनी मेहनत इसे तैयार किया गया है इसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश जायसवाल एवं टोनी मलिया के द्वारा अपने निर्देशन में व्यक्तिगत रूचि के साथ डिज़ाइन करवाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। उन्होंने झाबुआ के सफाई कर्मियों के कार्य का विशेष उल्लेख करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने झाबुआ कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति कविता सिंगार के निर्देशन में हुए बेहतरीन कार्य के लिये प्रशासनिक अमले को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि 'वेस्ट टू वेल्थ' के संदेश के साथ सृजन का यह सफल प्रयोग अन्य जिले में भी अपनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री–जन्माष्टमी कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी विकासखण्डों में एक गाँव को चयनित कर बरसाना गाँव के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही प्रदेश के हर एक नगरीय निकाय में गीता भवन केन्द्र भी स्थापित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर "हर बालक कृष्ण–हर माँ यशोदा" की थीम पर आयोजित अनूठे कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक बच्चे बाल–गोपाल और इतनी ही माताएं मैया यशोदा के रूप में मौजूद थी।

मुख्यमंत्री

मुख्यममंत्री धार जिले तीर्थ क्षेत्र अमझेरा, मां अमका झमका मंदिर में दर्शन एवं पूजन किया। साथ ही जन्माष्टमी उत्सव में हिस्सा लिया।

जन्माष्टमी–प्रदेश

प्रदेश में कल श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरी धार्मिक परंपराओं और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उज्जैन में भगवान कृष्ण के सभी धार्मिक स्थलों पर जन्माष्टमी की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सांदीपनि आश्रम में संस्कृति विभाग के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं पर केंद्रित सांस्कृ तिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसिद्ध स्थल नारायणा धाम, महिदपुर में भी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। कल गोपाल मंदिर में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव दर्शन करेंगे। यहां रात्रि 2:00 बजे तक भगवान के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुले रहेंगे। इस्कॉन मंदिर उज्जैन से कृष्णा सांदीपनि सुदामा यात्रा आरंभ होगी। भोपाल के इस्कान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा की जाएगी। अशोकनगर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। समारोह युगल सरकार मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस युगल सरकार मंदिर पर समापन होगा। इस बीच आज शिवपुरी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आई.टी.बी.पी केंद्र में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इंदौर में भी कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम जिलों के लिए अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं सीहोर, खरगोन, इंदौर, उज्जैन, देवास और मंदसौर जिलों के लिये भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट है। वहीं, कल रात से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा सहित कई जिलों में बारिश जारी है। भोपाल में भदभदा डैम के 3, कलियासोत डैम के 6, केरवा डेम के 4 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। नर्मदापुरम में तवा डेम के 7 गेट, रायसेन के हलाली डेम के सभी 5 गेट खोल दिए गए हैं। भारी बारिश के चलते सागर, बड़वानी, हरदा, शिवपुरी, गुना, उमरिया आदि जिलों में यातायात प्रभावित हुआ है और निचले इलाकों में पानी भर गया है। खंडवा में लगातार बारिश के चलते इंदिरा सागर बांध के आठ गेट खोले गए हैं। इसके साथ ही ओंकारेश्वर बांध के सात गेट खोले गए हैं। पानी छोड़े जाने के दौरान प्रशासन द्वारा निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में आज "संभावना" गतिविधी के तहत घूमन प्रसाद पटेल, दमोह ने कानड़ा नृत्य–गायन की प्रस्तुति दी। वहीं सिवनी की शालिनी धुर्वे एवं साथियों ने गोंड जनजाति के भड़ौनी नृत्य की प्रस्तुत किया।
- सांसद वी.डी. शर्मा ने खजुराहो मे संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण किया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने के लिए प्रयासरत है।
- शिवपुरी जिले में पीएम जनमन योजना के लिए विशेष अभियान 5 सितंबर तक चलेगा। इसके तहत पीएम जनमन योजना के लाभ की जानकारी के लिए प्रचार रथ गांव–गांव भ्रमण कर रहा है।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने चुनाव याचिका पर जारी पूर्व निर्देश का पालन न करने पर भोपाल से निर्वाचित कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।
- मंडला के कान्हा टाईगर रिजर्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कान्हा टायगर रिजर्व मंडला के कर्मचारियो, उनके परिवार एवं ग्रामिणों का स्वास्थ परिक्षण किया गया।

--------------------